# जर्जर स्कूल भवन डिस्मेंटल, वैकल्पिक भवनों में चल रहीं कक्षाएं

**सिवनी नवभारत। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले में जर्जर और खतरा बने स्कूल भवनों को डिस्मेंटल किया जा चुका है। भवन हटाए जाने के बाद संबंधित स्कूलों के पास अपना भवन नहीं होने से अब वैकल्पिक स्थानों पर कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। कहीं पंचायत भवन तो कहीं अन्य उपलब्ध भवन में स्कूल लगाया जा रहा है। कई जगह वैकल्पिक भवन में कमरों की संख्या कम होने से एक ही कक्ष में एक से अधिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को बैठाकर पढ़ाई करानी पड़ रही है। इसका सीधा असर कक्षावार शिक्षण व्यवस्था पर पड़ रहा है।**





जिला शिक्षा केंद्र के अनुसार जिले के आठ विकासखंडों में कुल 153 स्कूल भवनविहीन हैं। इनमें सिवनी में 14, बरघाट में 19, छपारा में 30, लखनादौन में 37, केवलारी में 8, कुरई में 21, घंसौर में 20 और धनोरा में 4 स्कूल शामिल हैं। सबसे अधिक भवनविहीन स्कूल लखनादौन में हैं, जबकि छपारा, कुरई और घंसौर में भी इनकी संख्या काफी है।

जर्जर भवनों में कक्षाएं संचालित करना विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिहाज से उचित नहीं था। इसी को देखते हुए खतरा बने भवनों को हटाने की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद स्कूलों में पढ़ाई जारी रखने के लिए उपलब्ध पंचायत भवन या अन्य भवनों में कक्षाओं की व्यवस्था की गई है।

**कमरों की कमी से एक कक्ष में कई कक्षाएं**

भवनविहीन स्कूलों में वैकल्पिक स्थान मिलने के बाद भी सभी जगह पर्याप्त संख्या में कक्ष उपलब्ध नहीं हैं। कई स्कूलों में कमरों की संख्या विद्यार्थियों और कक्षाओं के अनुपात में कम होने से एक ही कक्ष में एक से अधिक कक्षाओं का संचालन करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में शिक्षक को एक ही कमरे में अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए शिक्षण कार्य करना पड़ता है।

एक ही कक्ष में अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थी होने से प्रत्येक कक्षा के पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई कराने के लिए समय और स्थान का समायोजन करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था भी उपलब्ध कमरे के आकार और संख्या के अनुसार की जा रही है। इस तरह स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां जारी हैं, लेकिन मूल भवन के अभाव में वैकल्पिक व्यवस्था के अनुरूप कक्षाएं संचालित हो रही हैं।

**सुरक्षा के लिए हटाए गए जर्जर भवन**

जिला शिक्षा केंद्र के रिकॉर्ड के अनुसार ग्राम पंचायतों द्वारा 198 स्कूल भवनों को डिस्मेंटल किया जा चुका है। इसके अलावा 111 भवनों को डिस्मेंटल करने के लिए संयुक्त संचालक स्तर से आदेश जारी किए गए थे। इन आदेशों के बाद शाला प्रबंधन समितियों द्वारा 17 भवनों को डिस्मेंटल किए जाने की जानकारी दर्ज है।

**लखनादौन में सबसे अधिक भवनविहीन स्कूल**

विकासखंडवार स्थिति में लखनादौन में 37 स्कूल भवनविहीन हैं। छपारा में 30, कुरई में 21 और घंसौर में 20 स्कूलों के पास अपना भवन नहीं है। बरघाट में 19, सिवनी में 14, केवलारी में 8 और धनोरा में 4 स्कूल भवनविहीन हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की कक्षाएं वैकल्पिक भवनों में संचालित की जा रही हैं।

जिला शिक्षा केंद्र के परियोजना अधिकारी कृष्ण कुमार डहेरिया ने बताया कि बच्चों के लिए खतरा बने भवनों को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर डिस्मेंटल कराने की कार्रवाई की गई है। भवनविहीन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए उचित व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं।



# मवेशी चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश, 7 गिरफ्तार

**पिकअप, दो मोटरसाईकिल और 72 हजार रुपये नकद समेत 6.97 लाख का मशरुका जब्त**

**कुरई नवभारत।** कुरई थाना एवं बादलपार चौकी पुलिस ने मवेशी चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पिकअप वाहन, दो मोटरसाइकिल और मवेशी बिक्री से प्राप्त 72 हजार रुपये नकद सहित कुल 6 लाख 97 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 29 जुलाई की दरमियानी रात ग्राम चक्की खमरिया निवासी फरियादी के खेत में बने कोठे का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर पांच मवेशी चोरी कर ले गए थे। शिकायत पर बादलपार चौकी में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस टीम ने पतारसी एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से मवेशियों को चोरी कर पिकअप वाहन एमपी 50 जेडबी 8914 से मदार टेकरी, बरेला (जबलपुर) पहुंचाया था। वहां मवेशियों को मनोज यादव के माध्यम से 1 लाख 25 हजार रुपये में बेचने के बाद रकम आपस में बांट ली गई।

पुलिस ने मामले में दीपक सोनवाने, अमित कुमार यादव, अशफाक खान, सलमान उर्फ बल्लम खान, मोहशीन उर्फ काले खान, वासिद खान और मनोज यादव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सिवनी, बरघाट, डूंडासिवनी क्षेत्र के साथ जबलपुर जिले का आरोपी भी शामिल है।

**यह सामान हुआ जब्त**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 72 हजार रुपये नकद, करीब 5 लाख रुपये कीमत का पिकअप वाहन, करीब 55 हजार रुपये कीमत की पल्सर मोटरसाइकिल और करीब 70 हजार रुपये कीमत की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। जब्त मशरूका की कुल कीमत 6 लाख 97 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी बरघाट ललित गठरे के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई में कुरई थाना एवं बादलपार चौकी पुलिस के साथ साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर में

### पुणे प्रवास में कुशवाहा समाज से संपर्क, संगठन विस्तार पर जोर



**पुणे।** अखंड भारतीय कुशवाहा महासभा भारत एवं सम्राट लवकुश सेना अखंडभारत के संयुक्त तत्वावधान में कुशवाहा सामाजिक प्रवास एवं संपर्क अभियान के तहत 25 अगस्त को पिंपरी-चिंचवड़, पुणे में सामाजिक प्रवास संपन्न हुआ। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों से संपर्क कर संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। महान सम्राट अशोक कुशवाहा-कोईरी सामाजिक संघ की बैठक में सेवानिवृत्त न्यायाधीश एवं वरिष्ठ समाजसेवी शिवदास नारायण महाजन सहित अन्य समाजबंधु उपस्थित रहे। सम्राट कुशदीप आनंद (डॉ. एम. जी. कुशवाहा) ने संगठन की सदस्यता, घर-घर संपर्क, शिक्षा, रोजगार, स्व-सहायता समूह एवं समाजोत्थान से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में समाजबंधुओं से सहमति पत्र भरकर संगठन से जुड़ने तथा महाराष्ट्र में संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया।

### मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्क्रम का सत्रारंभ



**कुरई ।** शासकीय महाविद्यालय कुरई में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का सत्रारम्भ समारोह पूर्वक किया गया। शुभारंभ के के इस अवसर पर समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत कुरई के अध्यक्ष लोचन सिंह मर्सकोले , वरिष्ठ राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता विधायक प्रतिनिधि जागेश्वर प्रसाद पांडे , वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष चँदोरे, जनपद सदस्य सावन कुमरे मोनू (प्रवीण) दीक्षित ,कासिब खा व वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में सत्र का शुभारंभ किया गया।

## जगह-जगह हुआ कावड़ियों का भव्य स्वागत



**बंडोल नवभारत।** श्रावण मास के पावन अवसर पर सोमवार को केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने छपारा स्थित बैनगंगा नदी से पवित्र जल कावड़ में भरकर गुरु रत्नेश्वर धाम दिघौरी के लिए विशाल कावड़ यात्रा शुरू की। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कावड़ लेकर शामिल हुए। कावड़ यात्रा के बंडोल पहुंचने पर जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं कावड़ियों का पुष्पवर्षा और आत्मीय स्वागत किया गया। स्थानीय नागरिकों द्वारा जलपान, फलाहार एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस दौरान बंदू बघेल, महेश अग्रवाल,संजय (संजू) बघेल पारस तिवारी, उस्मान खान, , अमित बघेल, गोलू बघेल, गोपाल बघेल, सुनील बघेल, पत्रकार हरि जायसवाल सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक कावड़ियों का स्वागत किया।

## आज मनाया जाएगा ईद मिलादुन्नबी का पर्व

**सिवनी।** पूरी दुनिया को इंसानियत, भाईचारे, मोहब्बत और मानवता का पैगाम देने वाले इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश के मुबारक मौके पर वमनाया जाने वाला ईद मिलादुन्नबी पर्व इस वर्ष 26 अगस्त को पूरे शानो-शौकत और अजीम-ओ-शान अंदाज में मनाया जाएगा। कमेटी के सदर मोहम्मद असलम खान पत्ते वालों ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के मुख्य पर्व के अवसर पर 26 अगस्त को बुधवारी बाजार स्थित ईदगाह मस्जिद से सुबह 9 बजे विशाल पैदल जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस निर्धारित मार्ग से भ्रमण करते हुए ईद मिलादुन्नबी ग्राउंड, बस स्टैंड पहुंचेगा। जुलूस में बड़ी संख्या में समाज के लोगों के शामिल होंगे।

## बस और बाइक की सड़क दुर्घटना में तीन घायल



**छपारा नवभारत।** 25 अगस्त को नगर से लगभग 16 किलोमीटर दूर ग्राम संजय कॉलोनी और भीमगढ़ के बीच कैनाल के समीप मंगलवार सुबह बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घटना सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार हादसे में बाइक सवार मोहसिन खान (22) निवासी ग्राम झिरी, रहीशा बेगम (30) निवासी ग्राम संजय कॉलोनी एवं शनाया खान (9) घायल हुए हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को निजी कार की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छपारा पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। दुर्घटना में घायल सभी लोगों की स्थिति खतरे से बाहर रही रहीशा बेगम को पैर और कमर में चोटें आई वहीं शयाना को दाएं पैर में चोट आई वहीं पूरे मामले पर छपारा पुलिस द्वारा संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

## श्री ऊर्जेश्वर महादेव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न



**सिवनी नवभारत।** बारापत्थर स्थित मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर उप संभाग कार्यालय परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर में भगवान शिव एवं शिव परिवार की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। मंदिर में स्थापित शिवलिंग का नामकरण श्री ऊर्जेश्वर महादेव के रूप में किया गया। 22 से 24 अगस्त तक चले तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में मूर्ति पूजन, शोभायात्रा, महा चंडी यज्ञ, अभिषेक, हवन-पूजन एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ। आचार्य पंडित राजेंद्र पांडे के सानिध्य में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई। अंतिम दिवस महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी, उनके परिवारजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने श्री ऊर्जेश्वर महादेव से नगर एवं जिले की सुख-समृद्धि तथा विद्युत विभाग के निर्विघ्न संचालन की कामना की।

## सुनवारा में हाईस्कूल की जमीन से अतिक्रमण हटाने और कॉलेज निर्माण की मांग



**धनौरा नवभारत।** ग्राम सुनवारा के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को आवेदन सौंपकर शासकीय हाईस्कूल सुनवारा की जमीन से कथित अवैध कब्जा हटाने तथा धनौरा विकासखंड में स्वीकृत कॉलेज का निर्माण ग्राम सुनवारा में कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सुनवारा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल की जमीन पर लंबे समय से दबंगों द्वारा कब्जा किया गया है। अतिक्रमण हटाने के लिए पूर्व में कई बार आवेदन एवं प्रतिवेदन प्रशासन, स्कूल के प्राचार्य तथा जनप्रतिनिधियों को दिए जा चुके हैं, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार अब तक स्कूल की जमीन को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल की भूमि पर अतिक्रमण होने से विद्यार्थियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि धनौरा विकासखंड में कॉलेज स्वीकृत हो चुका है। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्वीकृत कॉलेज का निर्माण ग्राम सुनवारा में कराया जाए। ग्रामीणों के अनुसार धनौरा विकासखंड की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए ग्राम सुनवारा उपयुक्त स्थान है। सुनवारा ग्राम पंचायत धनौरा तहसील की अन्य पंचायतों की तुलना में महत्वपूर्ण ग्राम है और यहां कॉलेज बनने से आसपास के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि धनौरा विकासखंड की बड़ी आबादी ग्राम सुनवारा से जुड़ी हुई है तथा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यहां कॉलेज स्थापित होने से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सकेगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए स्कूल की भूमि का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने तथा स्वीकृत कॉलेज के निर्माण के लिए ग्राम सुनवारा को स्थान निर्धारित करने की मांग की है।

## विभिन्न मांगों को लेकर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन, साईकिल वितरण और छात्रवृत्ति की उठाई मांग



**केवलारी नवभारत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) केवलारी इकाई के द्वारा छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर 24 अगस्त को कलेक्टर (जिला सिवनी) के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से विद्यार्थियों के हित से जुड़े प्रमुख बिंदुओं पर तत्काल प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों की समस्याओं को जोर-शोर से उठाया। भाग संयोजक ज्वाला सिंह बघेल ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से स्कूल तथा महाविद्यालय आने वाले विद्यार्थियों से निजी बस संचालकों द्वारा अत्यधिक किराया वसूला जा रहा है, जिससे उनके परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। विद्यार्थी आईडी कार्ड दिखाकर 50त्न किराए की छूट के हकदार हैं, लेकिन मनमाने किराए और अभद्र व्यवहार के कारण उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। यदि प्रशासन ने इस पर जल्द शिकंजा नहीं कसा, तो परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

वहीं, जिला संयोजक सुजल मिश्रा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 5 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी के पात्र विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की जाए, मुख्य मार्ग व रेलवे स्टेशन से शासकीय कला महाविद्यालय केवलारी तक समय-सारणी के अनुसार नियमित बस सेवा शुरू की जाए, और महाविद्यालय के विद्यार्थियों की जो छात्रवृत्ति लंबे समय से लंबित है, उसका शीघ्र भुगतान किया जाए ताकि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को असुविधा न हो। परिषद विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। बस किराए में 50 प्रतिशत रियायत~ वैध छात्र पहचान-पत्र दिखाने पर किराए में आधी छूट लागू हो। 5 किमी या उससे अधिक दूरी से आने वाले पात्र विद्यार्थियों को शासन की योजना के तहत शीघ्र साइकिल दी जाए, मुख्य मार्ग व बस स्टैंड से शासकीय कला महाविद्यालय केवलारी तक कॉलेज समय के अनुकूल नियमित बस सेवा शुरू की जाए, तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों की लंबित छात्रवृत्ति का शीघ्र भुगतान किया जाए।

निजी बस संचालकों द्वारा मनमाना किराया वसूलने और अभद्र व्यवहार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र हित में चरणबद्ध आंदोलन करेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## भोंगाखेड़ा स्कूल में मनाया संस्कृत सप्ताह



**सिवनी नवभारत।** 25 अगस्त को शासकीय हाई स्कूल भोगाखेड़ा में संस्कृत सप्ताह पर्व की शुरुआत माँ सरस्वती पूजन उपरांत विभिन्न संस्कृत से संबंधित संस्कृत गीत ,श्लोक ,वेद मंत्रो का गायन किया गया । प्रथम दिवस शिक्षकों ,छात्रों का तिलक लगाकर संस्कृत सप्ताह का प्रारंभ किया आगे सप्ताह संस्कृत सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और 31 अगस्त को संस्कृत सप्ताह का समापन किया जाएगा जिसमें संस्था प्रमुख विपनेश कुमार जैन ,शिक्षक , हेमराज शरणागत ,वेदप्रकाश राय,मुरलीधर राहगढले, पारुल दुबे ,शोभा दुबे,श्रद्धा साहू, वीणा तिवारी व गायत्री परिवार से आए हुए सदस्यों की उपस्थिति भी संस्कृत सप्ताह के प्रथम दिवस पर रही बड़े उत्साह के साथ संस्कृत दिवस का शुभारंभ किया गया समस्त कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**अनदेखी** | **एंबुलेंस पहुंचने में दिक्कत, स्कूली बच्चे भी परेशान, हाल ही में नाला पार करते समय कोटवार की हो चुकी है मौत**

# नाले पर पुल नहीं : ग्रामीणों की बढ़ रही परेशानी, छात्र भी हलाकान



**गणेशगंज नवभारत।** जनपद पंचायत लखनादौन अंतर्गत ग्राम पंचायत गुंगवारा के ग्राम धोरिया में इन दिनों एक नाला ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है। नाले पर पुल निर्माण नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। इसका सबसे अधिक खामियाजा स्कूली बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार नाले में पानी बढ़ने पर एंबुलेंस मरीजों के घर तक नहीं पहुंच पाती, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को नाला पार कर मुख्य मार्ग तक लाने की मजबूरी बनी हुई है। वहीं स्कूली बच्चों को भी समय पर स्कूल पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार परिजन और स्थानीय लोग जनसेवा की भावना से लोगों को नाला पार कराते नजर आते हैं।

**कोटवार की हो चुकी है मौत**

ग्रामीणों की परेशानी इस बात से और गंभीर हो जाती है कि हाल ही में इसी नाले में बहने से नजदीकी ग्राम के कोटवार की मौत हो चुकी है। इस घटना के बावजूद नाले पर स्थायी पुल निर्माण को लेकर जिम्मेदार विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ओर से अब तक ठोस पहल नजर नहीं आने से ग्रामीणों में नाराजगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में नाला पार करना जान जोखिम में डालने के समान है। इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए नाले पर जल्द पुल निर्माण कराया जाए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी से पहले समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

**2022 में भी उठ चुका है पुल निर्माण का मुद्दा**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं विधायक द्वारा वर्ष 2022 में नाले पर पुल निर्माण को लेकर प्रयास किए गए थे, लेकिन विभागीय स्तर पर मामला आगे नहीं बढ़ सका। वर्षों बीतने के बाद भी पुल निर्माण नहीं होने से धोरिया सहित आसपास के ग्रामीणों को मूलभूत आवागमन सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है।

**इनका कहना है**

मेरे द्वारा 2022 में सबसे पहले इसी फाइल को विधायक से अनुशंसा पत्र लिखाकर तैयार किया गया था। जिसकी जियो टैगिंग से लेकर तमाम प्रोसेस खुद मेरे द्वारा कराई गई यही नहीं जिला सीईओ,कलेक्टर, तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान तक मामले को भेजा गया था। परंतु फाइल जनपद पंचायत आने के बाद मामले में किसी ने गंभीरता नही दिखाई। हालाकी अभी वीडियो वायरल होने के बाद मैने मौके पर जाकर देखते हुए फाइल, आवेदन सहित अन्य दस्तावेज़ पुन: जनपद सीईओ जिला कलेक्टर तक पहुंचाया है। आगे जो प्रयास करना होगा में करूंगा ।

**अजय सिंह ठाकुर क्षेत्रीय जनपद सदस्य गणेशगंज**

उक्त मामला मेरे संज्ञान में आया है उसमें जॉच दल गठित किया गया है आज शाम तक रीपोर्ट आ जाएगी। मुझे प्रथमिक जानकारी जो प्राप्त हुई है उसके हिसाब से 75 मीटर लगभग पुल है जिसमें 50 लाख से अधिक खर्च का अनुमान लगाया गया है। जिसकी जानकारी जिला सीईओ को दे दी गई है।

**नीलेश बर्मन जनपद सीईओ लखनादौन**

## स्टाक गोदाम में रहने के बावजूद यूरिया नहीं दिया गोदाम प्रभारी ने

**किसानों को टोकन के अनुसार बुकिंग कंपनी की जगह किसी और कंपनी और मोटी यूरिया बैग मिलने से कृषक परेशान**



**छपारा नवभारत।** नगर के समीप ग्राम खुर्सीपार लिए चल रहे हैं जहां स्थित कृषकों के लिए डबल लाक गोदाम कृषि समृद्धि केन्द्र में कृषकों के द्वारा बताया गया कि उन्हें जिस कंपनी की यूरिया खाद बुकिंग की गई उसकी जगह कोई और कंपनी की यूरिया थमा दी गई इस पर आपत्ति जताते हुए वहां डबल लाक गोदाम कृषि समृद्धि केन्द्र खुर्सीपार प्रभारी सुनील खंडेलवाल से मांग की गई जिसको लेकर उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारी डीएमओ कृष्णराज परतेती से भी मोबाइल पर बात करने पर वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देश का हवाला देते हुए आखिरकार कृषकों को इफको कंपनी की जगह एनएफएल कंपनी की यूरिया थमा दी गई। सुबह से शाम 5 बजे तक परेशान हो कर एवं टोकन में मिली अंतिम तिथि होने की दशा अनचाहे कंपनी की यूरिया मजबूरन ले ली गई। दरअसल कृषकों द्वारा बताया गया कि इफको कंपनी की यूरिया खाद के दाने बारिक होता है वहीं एन एफ एल की यूरिया खाद के मोटे दाने होते हैं जो कृषकों को नहीं चाहिए वहीं थमाया जा रहा है जिसको लेकर कई सवाल खड़े हो रहे वहीं कृषकों के द्वारा प्रशासन से इस तरह कृषकों के साथ हो रहे धोखा पर संज्ञान लेते हुए ठोस कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है जिससे अन्नदाता किसानों को उनकी फसलों के लिए मिलने वाली सुविधाओं पर किसी भी तरह की कोई लापरवाही न बरती जाए। अब देखने वाली बात यह है कि उक्त मामले को लेकर जिला प्रशासन से क्या कोई कार्रवाई होगी या नहीं।

**इनका कहना है**

सटेग (पंक्ति) के अनुसार लगे स्टाक के अनुसार हमें निर्देश दिए गए हैं कि उसी के अनुसार यूरिया खाद वितरित किया जाए और दोनों यूरिया खाद एक जैसे ही है।

**सुनील खंडेलवाल, गोदाम प्रभारी, कृषि समृद्धि केन्द्र खुर्सीपार ,छपारा**